अनदेखी | प्रतिदिन हो रहीं दुर्घटनाएं, ग्राम पंचायत की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

मप्र-छग को जोड़ने वाली सड़क में कीचड़

अनूपपुर, नवभारत 8 सितंबर। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है।

ग्राम पंचायत खोड़री नंबर-1 से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क पर भारी कीचड़ जमा होने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक और राहगीर फिसलकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।



यह सड़क क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है

बताया जा रहा है कि यह सड़क क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और प्रतिदिन सैकड़ों राहगीर, स्कूली बच्चे, किसान एवं दोपहिया वाहन चालक इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। लंबे समय से सड़क पर कीचड़ जमा होने के कारण ग्रामीणों ने कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन से कीचड़ साफ करवाने तथा सड़क पर डस्ट, मुरम या गिट्टी डलवाने की मांग की थी।

ईंट-मिट्टी से भराव कर दिया

ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत प्रशासन ने करीब एक सप्ताह पहले सड़क पर डस्ट या मुरम डालने के बजाय ईंट-मिट्टी से भराव करवा दिया। इसके बाद बारिश होने से मिट्टी पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई और सड़क दलदल जैसी स्थिति में पहुंच गई। अब इस मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

पंचायत प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया


ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत और मांग किए जाने के बावजूद पंचायत प्रशासन द्वारा समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। लगातार दुर्घटनाओं और परेशानी से नाराज ग्रामीणों ने अब जनपद सीईओ से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आगामी 2-3 दिनों के भीतर सड़क से कीचड़ साफ करवाकर डस्ट या मुरम नहीं डलवाई गई और मार्ग को आवागमन योग्य नहीं बनाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन की होगी।

आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित किए जाए : चौहान

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



अनूपपुर, नवभारत 8 सितंबर। देश एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक मुख्यालय राजेन्द्रग्राम में महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल आमसभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को की विशेष उपस्थिति रही। आमसभा के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम पुष्पराजगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर आम जनता को तत्काल राहत देने की मांग की। कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है।

पेट्रोलियम के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ती है

इसके साथ ही रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, दाल, चावल, आटा और सब्जियों सहित अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है। ज्ञापन में कृषि लागत में लगातार हो रही वृद्धि का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

इनकी रही उपस्थिति

ज्ञापन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान की ओर से सौंपा गया। इस दौरान विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को सहित पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जिला कांग्रेस पदाधिकारी, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, विभाग-प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, ब्लॉक, नगर एवं मंडलम कांग्रेस के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं आमजन उपस्थित रहे।

किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने की मांग

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 63 आवेदकों की समस्याएं



अनूपपुर, नवभारत। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर रत्नाकर झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और प्राप्त 63 आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की।

विद्युत पोल स्थापित करने की मांग

जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 2 अनूपपुर निवासी जुगून्ती बाई ने बैटरी चलित साईकिल (मोटराइन्ड ट्राइसाईकिल) उपलब्ध कराने, ग्राम सुलखारी, तहसील जैतहरी निवासी सोनशाह राठौर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि का लाभ दिलाने, ग्राम कैल्हौरी तहसील अनूपपुर निवासी पुष्पराज ढीमर ने गरीबी रेखा श्रेणी के राशन कार्ड में नाम जोड़े जाने, ग्राम पंचायत दुलहरा निवासी रूपलाल कोरी ने विद्युत पोल स्थापित कराने की मांग रखी।

व्यापारी को मारा चाकू सोने की चैन गायब

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत सूपाताल करबला के पास मेनरोड पर बदमाशों ने रास्ता रोककर रंगदारी मांगी। इसके बाद पथराव कर कार में तोड़फोड़ कर व्यापार को चाकू मार दिया। झूमाझपटी में उसकी सोने की चैन भी गिर गयी। पुलिस ने बताया कि निखिल चॉदवानी 29 वर्ष निवासी गंगानगर गोरहा तलाब गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कपड़े का व्यापार करता है। सूपाताल करबला के पास मेनरोड पर फैजान व अमन विश्वकर्मा दोनों हमारा रास्ता रोककर खड़े हो गये तथा शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों ने पत्थर मारकर कार का सामने व बाजू का कांच फोड़ कर लगभग 50 हजार रूपये का नुकसान किये वह कार से उतरकर आया तो फैजान से चाकू से हमलाकर वायें पैर की जांघ, कान के पास, पेट में चोट पहुॅचा दी।

तालाबों के सौंदर्यीकरण में जल प्रवाह से नहीं हो छेड़छाड़

कलेक्टर ने समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश



अनूपपुर, नवभारत 8 सितंबर। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर रत्नाकर झा ने जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निकायवार प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। कार्यों में निर्धारित तकनीकी मानकों, गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

नियमित मैदानी निरीक्षण किया जाए

उन्होंने अधिकारियों को नियमित मैदानी निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति, गुणवत्ता और उपयोगिता की निगरानी करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब में पानी की प्राकृतिक आवक और निकासी प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

सौंदर्यीकरण के दौरान अवरोध उत्पन्न नहीं हो

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब में प्राकृतिक रूप से आने वाले पानी के प्रवाह के साथ अन्य माध्यमों से पानी पहुंचाने के लिए निर्धारित इंटक मार्ग भी सुरक्षित एवं सुचारू रहें। जीर्णोद्धार या सौंदर्यीकरण के दौरान किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि तालाब की जलधारण क्षमता और उपयोगिता को बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए।

एक नजर में

वेयरहाउस का शटर तोड़कर 3 लाख के ऑटो पार्ट्स पार

जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत बेलखाडू चौकी क्षेत्र के ग्राम काकरखेड़ा में चोरों ने एक सूने वेयरहाउस को अपना निशाना बनाया है। शातिर चोरों ने 3 लाख रुपये कीमत के ई-रिक्शा पार्ट्स पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस के मुताबिक, काकरखेड़ा निवासी आदित्य तिवारी (20) का काकरखेड़ा 14 मील में आयुष वेयरहाउस नाम से एक गोदाम है। आदित्य ने रेवती ऑटो मोटिव कंपनी के मालिक सुजीत वर्मा के साथ अनुबंध कर इसे 45 हजार रुपये प्रति माह पर किराये पर दिया था। सुजीत वर्मा ने यहाँ अपने ई-रिक्शा के ऑटो पार्ट्स का स्टॉक रखा हुआ था।

इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर महिला से 43 हजार की ठगी

जबलपुर। इंस्टाग्राम पर घर बैठे कमाई का झांसा देकर एक महिला से 43 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि रोशनी खयानी 30 वर्ष, निवासी कटनी, हाल मुकाम रामपुर चौक, गोरखपुर ने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का एक विज्ञापन देखकर फॉर्म भरा था। इसके बाद जालसाज ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए उनसे संपर्क किया और ऑनलाइन टास्क दिए। 3 हजार रुपये के बदले 39 हजार रुपये देने का लालच देकर पैसे जमा कराए। बाद में रकम विड्रॉ करने और पैसे डूबने का डर दिखाकर आरोपियों ने कुल 43 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए।



लक्ष्य से अधिक राशि जुटाने पर कलेक्टर सम्मानित

अनूपपुर, नवभारत। सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राशि एकत्रित करने पर अनूपपुर कलेक्टर रत्नाकर झा को सम्मानित किया गया। सैनिक कल्याण विभाग की ओर से कर्नल अरुण शुक्ला, सैनिक कल्याण अधिकारी शहडोल एवं विशाल आमने, कल्याण संयोजक ने कलेक्टर रत्नाकर झा को प्रशंसा पत्र भेंट किया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के लिए अनूपपुर जिले को 3 लाख 63 हजार रुपये राशि एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिले द्वारा लक्ष्य से अधिक 4 लाख 23 हजार 550 रुपये की राशि एकत्रित की गई। इस तरह जिले ने निर्धारित लक्ष्य से 60 हजार 550 रुपये अधिक राशि जुटाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। सैनिक कल्याण विभाग ने जिले की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कलेक्टर रत्नाकर झा को प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

परिजनों को दिया धैर्य व शक्ति का आशीर्वाद

ऋषि पाठक के निधन पर दुखी परिवार से मिले संत-महात्मा



अमरकंटक, नवभारत 8 सितंबर। मां नर्मदा की उद्गम स्थली एवं पवित्र नगरी अमरकंटक में समाजसेवी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी पं. गणेश पाठक के बड़े पुत्र पं. ऋषि पाठक के आकस्मिक निधन से शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिए नगर के संत-महात्माओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उनके निवास पहुंचे। 13 दिन पूर्व अस्पताल में उपचार के दौरान पंडित ऋषि पाठक का असामयिक निधन हो गया था। सोमवार को आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम के अवसर पर अमरकंटक के विभिन्न आश्रमों से संत-महात्मा स्वयं उनके निवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य, साहस एवं आध्यात्मिक संबल प्रदान किया।

जीवन और मृत्यु ईश्वर की इच्छा के अधीन हैं : संत

संतों ने परिवारजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन और मृत्यु ईश्वर की इच्छा के अधीन हैं। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और ईश्वर के प्रति विश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ना ही दिवंगत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। संत-महात्माओं के आगमन से दुख की घड़ी में परिवार को भावनात्मक एवं आध्यात्मिक संबल मिला। परिजनों एवं उपस्थित लोगों ने संतों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मिट्टी से बनेंगी पर्यावरण हितैषी गणेश प्रतिमाएं

अनूपपुर, नवभारत 8 सितंबर। पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कोतमा द्वारा माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी से पर्यावरण हितैषी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं तथा नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा तैयार करने की तकनीक के साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई।

पोस्टर का विमोचन भी किया गया

जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उमेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान अभियान की संकल्पना पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना का कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल

एसईसीएल की जमीन पर कब्जे, जर्जर सड़कों, जलभराव सहित 8 मुद्दे उठाए



जमुना कोतमा नवभारत 8 सितंबर। जिले की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना ने प्रशासन के समक्ष मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर रत्नाकर झा को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

शहडोल संभाग अध्यक्ष पवन पटेल के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजेश महाराणा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दों की तत्काल जांच कर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। शिवसेना ने ज्ञापन में स्वश्रष्टरुकी जमीन पर कथित अवैध कब्जे, पयारी-केवई-गोविंदा-कोतमा मार्ग की जर्जर हालत, वार्ड क्रमांक 9 में जलभराव, जमुना-परासी मार्ग की बदहाली, बिजुरी के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में नाली का गंदा पानी घरों में घुसने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

स्थानीय रोजगार का मुद्दा भी उठाया

इसके अलावा जेएमएस नीलकंठ एवं अदानी कंपनियों से जुड़े स्थानीय रोजगार और परिवहन के मुद्दे भी ज्ञापन में शामिल रहे। शिवसेना ने स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने, बाहरी श्रमिकों की नियुक्ति की जांच करने तथा बिना नंबर के संचालित वाहनों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं भालूमाड़ा, कोतमा और बिजुरी क्षेत्र में कथित अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी की गई।

निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

शिवसेना ने प्रशासन से सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि सड़क, जलभराव, रोजगार, परिवहन और अवैध शराब जैसी समस्याओं का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है, इसलिए प्रशासन को इन मामलों में प्रभावी हस्तक्षेप करना चाहिए। ज्ञापन सौंपते समय शहडोल जिला अध्यक्ष शिव चक्रवर्ती, भीम महरा, समीर कोल, नरेंद्र सिंह, प्रकाश महरा, लखन केवट, किशन सहिस, विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संभागीय स्पर्धा के लिए किया गया खिलाड़ियों का चयन



अनूपपुर, नवभारत 8 सितंबर। शिक्षा विभाग अनूपपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार, 7 सितंबर को नोबल हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, जैतहरी के वॉलीबॉल मैदान में किया गया।

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिला क्रीड़ा प्रभारी शिक्षा विभाग खलील कुरैशी के मार्गदर्शन में खेल एवं स्टेट रेफरी वॉलीबॉल दिनेश कुमार सिंह चंदेल तथा नोबल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर जफर खान, प्राचार्य शकील खान एवं उप प्राचार्य महफूज आलम के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई।

संभागीय प्रतियोगिता आज से

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 सितंबर को उमरिया में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए संभाग स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में पीटीआई लल्लू लाल मिश्रा, दीपक राठौर, विवेक कुमार यादव, धनीराम वनवासी, मोनू राठौर, बैथल स्कूल के पीटीआई सेन, जमीर खान, अभिषेक राठौर सहित शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। निर्णायकों एवं अतिथियों को डायरेक्टर जफर खान द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

विरोध | देश को जातिभेद में बांटना बंद करे सरकार, भगवान राम के नाम पर राजनीति करना बंद करें

भगवान राम किसी दल, व्यक्ति या सत्ता के नहीं : श्रीधर शर्मा

अनूपपुर, नवभारत 8 सितंबर। धर्म को राजनीतिक लाभ का माध्यम बनाकर समाज को जाति और वर्ग के नाम पर बांटने की राजनीति बंद होनी चाहिए। भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक दल की आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की श्रद्धा, संस्कृति और जीवन-मूल्यों के आधार हैं। भगवान राम के नाम पर राजनीति करने के बजाय उनके आदर्शों और मर्यादा को जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

यह बात ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने मंगलवार को अमरकंटक में बातचीत के दौरान कही। श्रीधर शर्मा ने सत्तारूढ़ दल पर भगवान राम और सनातन धर्म के नाम का राजनीतिक उपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भगवान राम किसी दल, व्यक्ति या सत्ता के नहीं, बल्कि समूचे सनातन समाज की आस्था हैं।

राम मंदिर आंदोलन में संतों ने लंबे समय तक संघर्ष किया

श्रीधर शर्मा ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि को लेकर चले लंबे संघर्ष और मंदिर निर्माण की वैचारिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि तैयार करने में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि राम जन्मभूमि के मुद्दे को लेकर संतों ने लंबे समय तक संघर्ष किया और कानूनी लड़ाई भी लड़ी।



संत समाज को किनारे करना उचित नहीं

उन्होंने कहा कि वर्तमान ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने भी संत परंपरा और धार्मिक पक्ष को न्यायालय के समक्ष रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में मंदिर निर्माण के बाद उसी संत समाज को किनारे किया जाना सनातन परंपरा के प्रति गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

गौवंश संरक्षण को लेकर सरकार पर साधा निशाना

गौवंश संरक्षण के मुद्दे पर भी श्रीधर शर्मा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि गौमाता के नाम पर राजनीति करना आसान है, लेकिन सड़कों पर भटकते गौवंश, गौशालाओं की वास्तविक स्थिति का स्थायी समाधान करना कठिन है। सरकार वास्तव में गौवंश के प्रति गंभीर है तो उसे घोषणाओं और धार्मिक आयोजनों तक सीमित रहने के बजाय गौशालाओं की व्यवस्था, चारा, चिकित्सा, संरक्षण और बेसहारा गौवंश के स्थायी प्रबंधन पर ठोस कार्य करना चाहिए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पसन, जिला-अनूपुर (म.प्र.)

1672, 1665, 1663, 1661, 1659 / ई-टेंडरिंग / पसन / 2026 (प्रथम आमंत्रण) अनुभाग-1 — पसन, दिनांक :- 27/08/2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाइन प्रतिशत दर की निविदा पंजीकृत ठेकेदारों और पंजीकरण मापदंडों को पूरा करने वाली फर्मों से आमंत्रण की जाती है :-

क्रं./ टेण्डर आईडी	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रुपए)	निविदा प्रपत्र (रुपए)	ठेकेदार की श्रेणी	पूर्णता अवधि
1. 2026_UAD_532589_1	वार्ड क्रमांक-03 कबरस्तान में शेड निर्माण कार्य	14,65,250/-	10,990/-	2000/-	ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत	90 दिवस
2. 2026_UAD_532567_1	वार्ड क्रमांक- 12 तालाब में पिचिंग कार्य	6,22,119/-	6,220/-	2000/-	ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत	90 दिवस
3. 2026_UAD_532557_1	वार्ड क्रमांक-14 अंकुश हाउस के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य	4,70,574/-	4,705/-	2000/-	ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत	90 दिवस
4. 2026_UAD_532543_1	वार्ड क्रमांक 06 मस्जिद के पास पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य	3,66,047/-	3,660/-	2000/-	ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत	90 दिवस
5. 2026_UAD_532535_1	वार्ड क्रमांक-07 स्टाफ पंडाल में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य	4,70,574/-	4,705/-	2000/-	ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत	90 दिवस

1. इच्छुक निविदाकार वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर एनआईटी देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र 14:30 समय 27/08/2026 दिनांक से 17:30 समय 11/09/2026 तक ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पसन — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पसन जिला-अनूपुर (म.प्र.)